वर्ष 1937 से पूर्व बना हैली हॉस्टल दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को खोला जाये!

कॉलेज ने दिये हैं चुनाव आयुक्त से लेकर राज्यपाल



-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। वर्ष 1937 से पूर्व बना एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी की शान है। विद्यालय ने लाखों की संख्या में में छात्र-छात्राओं ने शिक्षा ग्रहण कराई और कई बड़े पद तक कॉलेज के छात्र पहुंचे जिसमें छात्रों ने राज्यपाल, आईएएस, मंत्री, आईपीएस बनकर देश की सेवा की है। बाबू श्यामसुंदर दास ने उस समय मिशन शिक्षित बनो को लेकर विद्यालय खोला जो आज वट वृक्ष के रुप में खड़ा है। हालांकि अब 06 दशकों में पुराना स्टाफ नहीं रहा है पर विद्यालय का वट वृक्ष इतना फैल चुका है कि छात्र-छात्राएं दूर दराज से विद्यालय में शिक्षा को अर्जित करने आते हैं। सन् 1975-85 तक आसपास क्षेत्र यहां तक कि बदायूं जनपद में भी विज्ञान वर्ग बीएससी, एमएससी के लिये वहां डिग्री कॉलेज नहीं थे। अधिकांश दूरस्थ क्षेत्रों से छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने के लिये चन्दौसी के रानी रामकली हॉस्टल में रहकर शिक्षा अर्जित करते थे परंतु वर्ष 1986-87 के बाद हॉस्टल को बंद कर दिया गया जो आज भी बंद पड़ा है लेकिन एस.एम. डिग्री कॉलेज में बने हॉस्टल की आभा आज भी कम नहीं हुई है। रानी रामकली छात्रावास के सम्बन्ध में कॉलेज के प्राचार्य डा0 दानवीर सिंह यादव से बातचीत की गयी कि ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में छात्राएं ज्ञान अर्जित करने आती हैं। कुछ छात्राएं काफी दूरस्थ स्थानों से आती हैं जिन्हें आने-जाने में काफी समय लगता है। यदि छात्राएं कॉलेज में बीएससी गणित, जीव विज्ञान, एमएससी गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, बीएड, एलएलबी आदि में काफी प्रवेश लेते हैं और छात्राओं के हित में छात्रावास खुल जाता है तो शिक्षा ग्रहण करने में काफी आसानी होगी। फिलहाल जिस समय कॉलेज बना था, उस समय कॉलेज चलाने के लिये 5000 बीघा जमीन कॉलेज खर्च चलाने को जमींदारी उन्मूलन के उपरांत दी गयी थी। काफी मात्रा में छात्राओं ने मांग रखी है कि पुन: छात्रावास को खोला जाये।

क्या कहती हैं एस.एम. डिग्री कॉलेज में प्रवेश लेने वाली छात्राएं

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। एस.एम. डिग्री कॉलेज में पिछले कई दशकों से पूर्व दूर-दराज की रहने वाली छात्रा रानी रामकली हैली हास्टल के नाम से छात्रावास बनवाया था। जिसमें ग्रामीण आंचल एवं दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राएं रहकर शिक्षा ग्रहण करते थे परंतु करोड़ों रुपये की लागत से मुगल कालीन शैली में बने छात्रावास में कई कोर्स हैं जिन्हें अध्ययन करने के लिये काफी दूरी से छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने आती हैं। खेड़ा-खास गांव से आने वाली जूलॉजी प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाली छात्रा ने कहा कि यदि डिग्री कॉलेज परिसर में बने रानी रामकली छात्रावास को खोल दिया जाये तो काफी संख्या में विभिन्न विषयों में अध्ययन करने वाली छात्राएं हॉस्टल में रहकर शिक्षा अर्जित कर सकती हैं। रोजाना आने जाने के समय की बचत होगी। असालतपुर जारई से प्रवेश के लिये महाविद्यालय आने वाली छात्रा शिल्पी ने कहा कि कॉलेज परिसर में बहुत ही अच्छी बिल्डिंग में छात्रावास है। छात्रावास सुभाष रोड पर स्थित है जहां हमारी माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाबदेवी भी रहती हैं। उन्हें छात्रावास खुलाने में मदद करनी चाहिए जिससे छात्राएं उच्च शिक्षा छात्रावास में रहकर अर्जित कर सकें। फिलहाल दूसरे जनपदों एवं अन्य तहसील क्षेत्रों की छात्राओं द्वारा हैली स्टाइल खुलवाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

देश के विकास के लिये जनसंख्या नियंत्रण आवश्यक

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। 11जुलाई को विश्व जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता दिवस मनाया जाता है। अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि देश के लिए घातक है क्योंकि बड़ी जनसंख्या देश के विकास के रास्ते में रुकावट बनती है। बड़ी जनसंख्या में सीमित संसाधन जुटाना संभव नहीं है जिन परिवार में अधिक बच्चे होते हैं उस परिवार के माता-पिता को बच्चों का पालन पोषण करना बहुत कठिन हो जाता है तथा आर्थिक कठिनाइयां उठानी पड़ती हैं। वह लोग बच्चों को भी उचित शिक्षा नहीं दे पाते हैं जिससे देश के विकास में रुकावट उत्पन्न होती है और देश की आर्थिक स्थिति पर्यावरण व स्वास्थ्य पर भी अच्छा प्रभाव नहीं पड़ता। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारत के विकास के लिए अनियंत्रित जनसंख्या जागरूकता अभियान चलाया जाना बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि जिस देश में जनसंख्या नियंत्रित रहती है उसे देश का विकास भी हर दृष्टि से बहुत अच्छा होता है। आज भारत जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है यह बहुत ही चिंता का विषय है। इसी उद्देश्य से जायंट्स ग्रुप आफ सखी सहेली के तत्वावधान में अनियंत्रित जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता पर कार्यक्रम संयुक्त चिकित्सालय चंदौसी में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम यूनिट डायरेक्टर सीमा वर्मा, ब्रांच ऑफिसर अंजू राजपूत व अध्यक्ष रीता बुदियाल द्वारा दीप प्रज्वलित करके जायंट्स प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संयुक्त अस्पताल में उपस्थित महिलाओं को एकत्रित कर जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरुक करते हुए यूनिट डायरेक्टर सीमा वर्मा, ब्रांच ऑफिसर अंजू राजपूत एवं ग्रुप अध्यक्ष रीता बुदियाल ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसंख्या में वृद्धि किसी भी देश के विकास में बाधा बनती है। भारत की यह बढ़ती हुई जनसंख्या चिंता का विषय बन गई है। जनसंख्या में वृद्धि के अनुपात से रोजगारों की कमी हो रही है। इसी वजह से बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। उचित शिक्षा की कमी, रोजगार के अवसरों की कमी, कौशल की कमी और बढ़ती आबादी सहित कई कारक भारत में इस समस्या को बढ़ाने में अपना योगदान देते हैं। लोगों को आबादी नियंत्रित करने के महत्व को समझना चाहिए। विशेष कर अगर हमारे देश की महिला सशक्त बनेगी तो जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करना व स्थिर करना ज्यादा आसान होगा इसीलिए महिलाओं का सशक्तिकरण होना अति आवश्यक है। इसके लिए उन्हें उच्च शिक्षित करना, आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक स्वतंत्रता प्रदान करना, परिवार नियोजन के प्रति निर्णय लेना, लैंगिक समानता व उचित स्वास्थ्य सेवा देना अति आवश्यक है। उपस्थित सभी महिलाओं को बिस्किट व फल वितरित किए गए। ग्रुप द्वारा वहां उपस्थित डा0 दिग्विजय सिंह एवं गीता यादव को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यालय नगर पंचायत कछला (बदायूं)

पत्रांक-मीमो/अपशिष्ट प्रबन्धन/2024-25 दिनांक

सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत कछला जनपद बदायूं की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कछला जनपद बदायूं की सीमा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 25 किलोग्राम या उससे अधिक प्रतिदिन कूड़ा उत्पन्न करने वाले संस्थान एवं व्यक्ति स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अनुसार थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में माने जायेंगे। सभी ठोस कचरा उत्पादक गीले कूड़े से खाद बनाने का कार्य करेंगे एवं जिनका निकाय द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया जायेगा एवं नियमानुसार कार्य किये जाने पर प्रोत्साहन देने हेतु पुरस्कृत किया जायेगा।

(अब्दुल सवूर)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कछला
जनपद-बदायूं

एस.एम. डिग्री कॉलेज में प्रवेश के लिये उमड़ी भीड़

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। बीए/बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिये छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ रही है। 11 जुलाई से प्रवेश शुरु कर दिये गये हैं। एस.एम. डिग्री कॉलेज में प्रवेश के पहले दिन जमकर भीड़ उमड़ी छात्र-छात्राओं द्वारा फार्म चयनित कॉलेज के आधार पर पहले ही ऑनलाइन कर दिये गये। इधर वार्षिक परीक्षाएं सम्पन्न कराने के उपरांत 11 जुलाई को विद्यालय खुला। प्रवेश विभाग पर सुबह से भीड़ जमा होना शुरु हो गई। इधर कॉलेज प्रशासन ने प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं के फॉर्म चैक किये एवं ऑरिजिनल प्रपत्रों को प्रविष्टियों से मिलाया। प्राचार्य डा0 दानवीर यादव ने कहा कि जीव विज्ञान, गणित, औद्योगिक रसायन में प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होंगे। फार्म चैक करने के उपरांत बोर्ड पर सूची चस्पा की जायेगी जिसके बाद एडमिशन प्रक्रिया शुरु की जायेगी।

स्वयंसेवकों को दी साइबर अपराधों की जानकारी

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। मुरादाबाद रोड स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को एनएसएस इकाई द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान को लेकर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपाल सिंह शास्त्री ने की व संचालन कार्यक्रम अधिकारी शरद शर्मा ने किया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित टी.एस. पाल ने स्वयंसेवकों को हुए उन्हें साइबर अपराधों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जरा भी लापरवाही हुई तो इससे बहुत सामाजिक और आर्थिक हानि हो सकती है। अत: सदैव सावधान रहें। अंत में गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य भूपाल सिंह शास्त्री ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए साइबर अपराधों के प्रति सचेत रहने का आव्हान किया। इस अवसर पर विकास शर्मा, रोहतास कुमार सिंह, सुदर्शन सिंह आदि मौजूद रहे।

रचित जैन ने उत्तीर्ण की सी.ए. परीक्षा

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। नगर नि0 संजय जैन के पुत्र रचित जैन ने वर्ष 2024 में सी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर एवं जनपद का नाम रोशन किया है। बता दें कि रचित ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा आर0आर0के0 स्कूल चन्दौसी से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हैं। शुरु से ही रचित का सपना सीए बनने का था। तभी से तैयारी में जुट गया और वर्ष 2024 का जैसे परिणाम आया तो परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रचित ने अच्छी रैंक से सी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

सीओ ऑफिस के सामने मंदिर की दुकानें ओवरब्रिज की चपेट में

बाबा ने कहा, ओवरब्रिज निर्माण के लिये स्वयं हटवायेंगे दुकान

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। 36बी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है जिसके लिये प्रशासन ओवरब्रिज बनने की जगह में आ रही दुकानों को हटा रहा है। कुछ लोगों ने तो स्वयं अतिक्रमण हटाना शुरु कर दिया है। सीओ ऑफिस के सामने स्थित शीतला माता मंदिर के बाहर बनीं दुकानों को भी प्रशासन ने हटाने का आदेश दिया है। फिलहाल मंदिर में जूना अखाड़ा के महंत हरीशंकर के शिष्य आशु महाराज ने बताया कि वह स्वयं मंदिर की दुकानों को हटवा रहे हैं जिससे कि ओवरब्रिज निर्माण में बाधा उत्पन्न न हो। वहीं मंदिर के अंदर स्थित पीपल के पेड़ के चारों ओर बाउंड्री वॉल कर चबूतरा बनाया जायेगा जिस पर राहगीर बैठ सकें।

विद्यालय में मोबाइल पर गेम खेल रहे शिक्षक को जिलाधिकारी ने किया निलंबित

चन्दौसी। जिलाधिकारी ने क्वालिटी एजुकेशन को सराहा। साथ ही विद्यालय में मोबाइल पर खेल न खेलें, आप शिक्षण कार्य के समय मूल काम को देखें। जिलाधिकारी का कहना है किर कुछ शिक्षक अपनी गलतियों को सुधारें, वह शासन के निर्देशानुसार कार्य करें। वहीं जिलाधिकारी द्वारा स्कूल के समय में गेम खेलने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया। जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया द्वारा कम्पोजिट विद्यालय शरीफपुर का निरीक्षण किया गया। अध्यापक प्रेम गोयल मोबाइल पर गेम खेलते पाये गये। बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा द्वारा प्रेम गोयल को निलंबित किया गया। साथ ही जिलाधिकारी ने स्कूल समय में बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा देने के निर्देश दिये।

सदर विधायक व डीएम ने जनजागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

-आज समाचार सेवा-

बदायूँ। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व जिलाधिकारी मनोज कुमार ने विश्व जनसंख्या दिवस पर गुरुवार को राजकीय कन्या इण्टर कालेज बदायूँ से जनजागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद में 11 जुलाई से 24 जुलाई 2024 तक जनसंख्या प्रदायगी पखवाड़ा मनाया जाएगा। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहां की स्वस्थ व समृद्ध प्रदेश की परिकल्पना तभी पूर्ण होगी जब मां और शिशु दोनों स्वस्थ होंगे। उन्होंने परिवार नियोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं छोटा परिवार होने के फायदे बताये और अधिक से अधिक नसबंदी कराने हेतु जनमानस को प्रेरित किया। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हम यह संकल्प लें कि परिवार नियोजन को खुशियों का विकल्प बनाएंगे। उन्होंने कहा कि दो बच्चों में पर्याप्त अंतर से मां की सेहत की पूरी देखभाल होगी। उन्होंने कहा कि लक्षित समुदाय के मध्य गर्भ निरोधक साधनों का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाये। रैली में कक्षा 09 से कक्षा 12 तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली राजकीय कन्या इण्टर कालेज बदायूँ से पुलिस लाइन, कलेक्ट्रेट, जिला पुरुष चिकित्सालय, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पार्क, वन विभाग कार्यालय होते हुए राजकीय कन्या इण्टर कालेज बदायूँ में सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से जनसंख्या दिवस पखवाड़े की थीम 卐विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान卐 के माध्यम से जनमानस में परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता लाने की पहल की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों जैसे छाया-अन्तरा, कॉपर-टी, माला एन, पुरुष नसबंदी एवं महिला नसबंदी आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ, कॉलेज की प्रधानाचार्य, अध्यापक, छात्राओं सहित अन्य चिकित्सक, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

भाजपा ने किया मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। विकासखंड बनियाखेड़ा सभागार में भाजपा द्वारा मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 अनामिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष चैधरी हरेंद्र सिंह एवं पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी द्वारा डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 में चंदौसी विधानसभा से जिताकर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को भेजा है। हम सब का अति उत्साह नुकसानदायक रहा, मतदाता घरों से कम निकले यह भी एक कारण रहा लेकिन चंदौसी विधानसभा के सभी मतदाताओं का बहुत-बहुत आभार एवं अभिनंदन है। जिन्होंने अपने मत का प्रयोग भारतीय जनता पार्टी को जिताने के लिए किया। भाजपा जिलाध्यक्ष चैधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि हम सबको लोकसभा हार से सबक लेते हुए 2027 में पांचो विधानसभा जिता कर देंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को अब फिर से अपने बूथ पर लगने की आवश्यकता है। पूर्व प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि आप सब भी ने हर संभव प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिल पाई। जनता जनार्दन का जनादेश का हम सम्मान करते हैं और उनकी सेवा में हमेशा तत्पर हैं और रहेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर उनका सम्मान किया हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चैधरी हरेंद्र सिंह ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष एड. मनोज कठेरिया ने किया है। इस दौरान जिला महामंत्री कमल कुमार कमल, सतीश अरोड़ा, अंकित जैन, डॉ टीएस पाल, आईपीएस चैहान, विनोद कुमार बिन्नी, राजकुमार यादव, शुभम अग्रवाल, यश मदान, अंकुर अग्रवाल, सुमित चैहान, चंद्रसेन छोटू, नत्थुलाल राणा, आईपी शर्मा, मनोज दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता मोनू, राजू ठाकुर, संजय बंसल, महावीर सिंह, राजपाल राणा, शीवेन्द्र सिंह जीराज पूरी, जितेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

ओवरब्रिज निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाना शुरु

-आज समाचार सेवा-

चन्दौसी। 36बी रेलवे फाटक निर्माण में बाधक बने अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा अब बलपूर्वक हटाया जायेगा। प्रशासन ने पहले ही मुनादी कर सभी अतिक्रमण करने वालों को सचेत कर दिया है। यदि स्वयं सरकारी जमीन से कब्जा नहीं हटाया तो बाबा का बुल्डोजर गरजेगा। स्थानीय नागरिकों द्वारा 36बी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज की मांग की थी। लगातार लम्बे समय से मांग के कारण केन्द्र सरकार ने ओवरब्रिज बनाने की अनुमति दे दी। सेतु निगम ने युद्ध स्तर पर ओवरब्रिज का निर्माण शुरु कर दिया है। मंडी समिति की ओर से बोरिंग हो गया है। अब गोले बनाये जायेंगे। आज शुक्रवार को यातायात बूथ की ओर से रास्ता रोककर मशीनें चलेंगी। मंडी समिति वाला रास्ता खोल दिया जायेगा। वहीं यातायात पुलिस बूथ वाला मार्ग आने-जाने वालों को बंद कर दिया जायेगा। इधर उपजिलाधिकारी चन्दौसी एवं सेतु निगम के जेई द्वारा अतिक्रमण की जद में आने वाले दुकानों पर निशान लगाये तो वहां शीतला माता का मंदिर बना हुआ है जो लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराना है। यहां के सेवादार आशु ने बताया कि वह स्वयं अपनी इच्छा से शासनादेश पर दुकानों को तुड़वा रहे हैं।

ICICI Home Finance

कारपोरेट कार्यालय:-आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय:- 307/1,प्रथम तल, विश्नोई टॉवर, मंगल पाण्डेय नगर,ऐपेक्स टॉवर के सामने मेरठ-250004
शाखा कार्यालय:-दुकान नं. 9, भूमितल, जी.के.एस. पैलेस,अय्यूब खान-चौपला रोड,63-64, सिविल लाइन्स,बरेली-243001

(देखें-नियम-8 (6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सह-कर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूति व सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	राजीव कुमार सिंह(कर्जदार) शशी (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- NHBAR00001298007	एक मकान बना प्लाट का एक भाग का भूमि नं. 33 और 34, जिसका खसरा नं. 191 ग्राम दोहरा माफी तहसील और जिला बरेली में स्थित	रू. 18,30,152/- जून 24,2024	रू. 16,92,050/- / रू. 1,69,210/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
2.	रमेश कुमार बाल्मीकि (कर्जदार) पूजा बाल्मीकि (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- LHMRT00001347971 & LHMRT00001448131	एक आवासीय मकान जिसका नगरपालिका नं.2017,जो कि खसरा नं. 70 पर बन रहा है जो प्रेमपुरा,हापुड़ में स्थित है।	रू. 24,02,604/- जून 24,2024	रू. 23,57,100/- / रू. 2,35,710/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
3.	धर्मेन्द्र पवार (कर्जदार) रेखा (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- LHMRT00001329253 & LHMRT00001329262	एक आवासीय प्लाट खसरा नं. 1527 पर बन रहा जो कि काबली गेट, मवाना कलान, परगना हस्तिनापुर तहसील मवाना जिला मेरठ में स्थित	रू. 22,77,685/- जून 24,2024	रू. 27,00,000/- / रू. 2,70,000/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
4.	गुंजन अग्रवाल (कर्जदार) अभिषेक अग्रवाल (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- NHGAG00000836873	एक आवासीय मकान जिसका नगरपालिका नं. 761/1,जो खसरा नं. 1618 पर बन रहा है जो सियाना चौपला,इन्दिरा कालोनी,वार्ड नं. 10 गढ़मुक्तेश्वर,जिला हापुड़ में स्थित	रू. 6,21,423/- जून 24,2024	रू. 35,31,600/- / रू. 3,53,160/	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** के वेबसाइट **(URL Link-https://BestAuctionDeal.com)** हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक पर संचालित की जायेगी/बंधक कर्ताओं को **अगस्त 13, 2024** तथा **अपराह्न-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।

अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड,दुकान नं. 9, भूमितल, जी.के.एस. पैलेस,अय्यूब खान-चौपला रोड,63-64, सिविल लाइन्स,बरेली-243001** पर **अगस्त 13, 2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 04.00** बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड, दुकान नं. 9, भूमितल, जी.के.एस. पैलेस,अय्यूब खान-चौपला रोड,63-64, सिविल लाइन्स,बरेली-243001** पर **अगस्त 13, 2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन** के पक्ष में **बरेली,हापुड़,मेरठ** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-** स्थान **बरेली,हापुड़,मेरठ** के नाम होना चाहिये।

निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **9920807300** या हमारे **सेल्स और मार्केटिंग हिस्सेदार नैक्सजेन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड** से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तो हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांक: जुलाई 12, 2024
स्थान: बरेली,हापुड़,मेरठ।

अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड